# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–06 दिसम्बर 2024** **सान्ध्य समाचार**

आज संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस है। इस अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के हजरतगंज में स्थित बाबा साहब के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद वह आम्बेडकर महासभा परिषद में आयोजित कार्यक्रम में सम्मलित हुए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार गरीबों, वंचितों और दलितों के लिए बाबा साहब आम्बेडकर के सपनों को साकार कर रही है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब पर शोध हो सके और उनके जीवन दर्शन को गांव–गांव तक पहुंचाया जा सके इसके लिए सरकार लखनऊ में बाबा साहब भीम राव आम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर के स्थापना करने जा रही है। इस अवसर अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मंत्री असीम अरूण समेत कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें।

**********

सिख धर्म में गुरू परंपरा के नौवे गुरू तेग बहादुर जी महाराज के बलिदान दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के यहियागंज गुरूद्वारा में जाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर गुरू तेग बहादुर के बलिदान और स्मृतियों को नमन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरू तेग बहादुर ने हमेशा देश और धर्म को प्राथमिकता दी तथा किसी विदेशी आक्रांता के सामने सिर नही झुकाया।

**********

तेरह दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित आगमन को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल प्रयागराज पहुंचकर महाकुंभ दो हजार पचीस और प्रधानमंत्री के हाथों लोकार्पित होने वाली परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे। प्रयागराज पहुंचने से पहले मुख्यमंत्री वाराणसी में वाराणसी में पिंडरा ब्लॉक में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह और उमराहा स्थित विहंगम योग के शताब्दी समारोह में शामिल होंगे।

**********

न्यूनतम समर्थन मूल्य और अन्य मांगों के मुद्दों पर किसानों के विरोध–प्रदर्शन के बीच केन्द्र सरकार ने आज कहा कि वह फसलों की उत्पादन लागत से कम से कम पचास प्रतिशत अधिक न्यूनतम समर्थन मूल्य देने के लिए वचनबद्ध है। राज्यसभा में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि किसानों का कल्याण केंद्र की वचनबद्धता है। केंद्र सरकार कई फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ा चुकी है।

**********

अयोध्या में राम मंदिर का शिखर सोने का होगा। शिखर पर दस फीट स्वर्ण लगाया जाएगा। राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक में भाग लेने अयोध्या पहुंचे निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि पंद्रह मार्च तक राम मंदिर के निर्माण का कार्य पूर्ण हो जाएगा। उन्होंने कहा कि रामलला का आसन और मंदिर के सभी दरवाजे स्वर्णजड़ित हैं। अब मंदिर के शिखर को भी स्वर्णजड़ित कराया जाएगा।

**********

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के चिकित्सालय में अट्ठारह मशीनों वाला डायलिसिस सेंटर क्रियाशील हो गया है। इससे गुर्दे की बीमारी से पीड़ित पूर्वी उत्तर प्रदेश सीमावर्ती बिहार और नेपाल के मरीजों को डायलिसिस के लिए अब लम्बा इंतेजार नही करना पड़ेगा। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के श्री गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर के प्राचार्य डाक्टर अरविन्द सिंह कुशवाहा ने बताया कि यहां के हॉस्पिटल में प्रतिदिन साठ से अधिक मरीजों को डायलिसिस कराने की सुविधा मिलेगी।

**********

बीते चौबीस घंटे के दौरान प्रदेश के तीन जिलों कन्नौज, चित्रकूट और पीलीभीत में हुए सड़क हादसों में 18 लोगों की मौत हो गयी जबकि अन्य कई लोग घायल हो गये हैं। कन्नौज जिले के सकरावा थानाक्षेत्र में आज दोपहर आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे पर लखनऊ से दिल्ली जा रही डबल डेकर बस हाईवे पर खड़ी ट्रक से टकराकर पलट गयी। इस हादसे में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि करीब डेढ़ दर्जन यात्री घायल हो गये। हादसे के दौरान प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का काफिला गुजर रहा था। मंत्री ने रुककर घायलों को जल्द अस्पताल पहुँचाने और बेहतर उपचार के निर्देश दिए। सभी घायलों को राजकीय मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। चित्रकूट जिले के रैपुरा थानाक्षेत्र में झांसी–मिर्जापुर हाईवे पर आज सुबह तेज रफ्तार बोलेरो के सामने से आ रही ट्रक से टकरा जाने के चलते बोलेरो सवार छह लोगों की मौत हो गयी जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गये है। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर पीलीभीत जिलें में बीती रात टनकपुर हाइवे पर एक कार के अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा जाने से कार में सवार छह लोगों की मौत हो गई और पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जेसीबी की मदद से कार से बाहर निकलवाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

**********

खेल निदेशालय के तत्वावधान में आठ दिसंबर तक होने वाली महंत दिग्विजयनाथ राज्य स्तरीय प्राइजमनी पुरुष बास्केटबॉल और महंत अवेद्यनाथ राज्य स्तरीय प्राइजमनी पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन आज खेल निदेशक डॉक्टर आरपी सिंह ने किया।

**********